# प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय कृषि हब बनाने में अहम भूमिका निभाएगा सीएसएआरसी

## सीआइपी पेरू के महानिदेशक के नेतृत्व में सीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

**राब्यू, जागरण● लखनऊ:** आगरा में अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र (सीआइपी) पेरू के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (सीएसएआरसी) की स्थापना से आलू और शकरकंद जैसी कंद फसलों पर विश्वस्तरीय अनुसंधान किया जा सकेगा। मंगलवार को सीआइपी के महानिदेशक डा. सिमोन हेक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की और परियोजना की प्रगति के बारे में चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह केंद्र प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने, प्रसंस्करण उद्योग को सशक्त करने और प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय कृषि हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

28 जुलाई को भारत सरकार और सीआइपी के बीच सीएसएआरसी को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब तक आगरा के सिंगना गांव में केंद्र का निर्माण पूर्ण नहीं होता, तब तक प्रदेश के कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से किसानों को सीआइपी की तकनीकों से प्रशिक्षित किया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि आलू के साथ अन्य कंद फसलों की प्रजातियों पर भी अनुसंधान को प्राथमिकता दी जाए, ताकि उत्पादन बढ़े और निर्यात के अवसर खुलें। उप्र, देश का सबसे बड़ा आलू उत्पादक राज्य है। प्रतिनिधिमंडल में सीआइपी के कंट्री मैनेजर नीरज शर्मा, वरिष्ठ सलाहकार रमन अब्रोल और आइआरआरआइ के साउथ एशिया प्रमुख सुधांशु सिंह शामिल थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ नीरज शर्मा, कंट्री मैनेजर, भारत, (बाएं से पहले), रमन अब्रोल (बाएं से दूसरे), सुधांशु सिंह, निदेशक, आइआरआरआइ (दाएं से पहले) सीआइपी, पेरू के महानिदेशक डा. सिमोन हेक (दाएं से दूसरे)● सूचना विभाग

### अंतरराष्ट्रीय स्तर के होंगे हापुड़ व कुशीनगर में सेंटर आफ एक्सीलेंस

आलू की उन्नत खेती के लिए हापुड़ और कुशीनगर में नव स्थापित सेंटर आफ एक्सीलेंस को अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप विकसित किया जाएगा। पेरू का अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र (सीआइपी) इसमें उद्यान विभाग को सहयोग देगा। इसके लिए उद्यान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह की मौजूदगी में सीआइपी के महानिदेशक डा. साइमन हेक और निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण भानु प्रकाश राम के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।